बाबा ओ श्याम बाबा शान जितनी भी जग में हमारी रहे लिरिक्स

बाबा ओ श्याम बाबा,
शान जितनी भी,
जग में हमारी रहे,
तेरे दर के सदा,
हम भिखारी रहे,
भिखारी रहें,
बाबा ओं श्याम बाबा,
बाबा ओं श्याम बाबा।bd।

तर्ज – गंगा मैया में जबतक।

कभी भूलें ना हम वो ज़माना,
जब कहीं ना मिला था ठिकाना,
आये दर पे तेरे,
काटे संकट मेरे,
जिंदगी भर तुम्हारे,
आभारी रहें,
आभारी रहें,
बाबा ओं श्याम बाबा,
बाबा ओं श्याम बाबा।bd।

चाहे कितनी भी हो जाए माया,
ये ना समझें की हमनें कमाया,
यही सोचे सदा,
है तेरा ही दिया,
है अमानत तुम्हारी तुम्हारी रहें,
तुम्हारी रहे,
तुम्हारी रहे,
बाबा ओं श्याम बाबा,
बाबा ओं श्याम बाबा।bd।

चाहे अपने हो चाहे पराये,
कभी दिल ना किसी का दुखाए,
अच्छी करनी करे,
और कभी ना डरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भावना 'सोनू' ऐसी हमारी रहें,
हमारी रहे,
हमारी रहे,
बाबा ओं श्याम बाबा,
बाबा ओं श्याम बाबा।bd।

बाबा ओ श्याम बाबा,
शान जितनी भी,
जग में हमारी रहे,
तेरे दर के सदा,
हम भिखारी रहे,
भिखारी रहें,
बाबा ओं श्याम बाबा,
बाबा ओं श्याम बाबा।bd।

Singer – Kunal Sanwara
Upload – Tarun Agrawal
9300341067

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com